हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 दिसंबर 2023

11 जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को मिला योजनाओं का लाभ



12 अधिकारी व कर्मचारी हर रोज सुशासन दिवस के...



## खबर संक्षेप

### लाखों की हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को लाखों की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शक के आधार पर पुलिस कर्मचारियों ने बाइक सवार युवक को काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम विजय निवासी अजीत नगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### श्रद्धालुओं ने मैथोडिस्ट चर्च में की प्रार्थना

**सिरसा।** क्रिसमस के उपलक्ष्य में सेंट जोन मैथोडिस्ट चर्च में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चर्च के पादरी ने चर्च में श्रद्धालुओं को प्रभु ईसा मसीह की प्रार्थना करवाई। चर्च परिसर में मेला आयोजित किया गया। पादरी श्रद्धालुओं को प्रभु ईशा मसीह के जीवन के बारे में विस्तार से बताया।

### कार की टक्कर से बुर्जुग की मौत

**सिरसा।** पुलिस को दी शिकायत में बूटाराम कॉलोनी निवासी संदीप कुमार ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। उसने बताया कि उसके पिता शंकरलाल 23 दिसंबर की शाम को कंगनपुर रोड से पैदल घर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान कंगनपुर रोड पर तेज रफ्तार गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

### कर्मशाना की ढाणी से हजारों का नरमा चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव कर्मशाना में एक किसान के खेतों में बनी ढाणी से चोर हजारों रुपए का नरमा चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में काशीराम ने बताया कि उसने बताया कि नरमे की फसल की चुगाई के बाद उसने नरमा खेतों में बने कमरे में ही रखा हुआ था। उसने बताया कि शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात को चोरों ने खेतों में बने कमरे के ताले तोड़कर करीब 15-16 क्विंटल नरमा चोरी कर लिया।

### पंचनद सदन में मां भगवती जागरण 30 को

**फतेहाबाद।** पंचनद सेवा ट्रस्ट द्वारा 30 दिसंबर शनिवार रात्रि 9 बजे मां भगवती का जागरण पंचनद सदन के तीन वर्ष पूर्ण होने और नव वर्ष के उपलक्ष में करवाया जा रहा है। पंचनद सदन धर्मशाला में हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री देवेंद्र सिंह बबली मां भगवती के जागरण में पहुंचकर ज्योति प्रज्वलित करेंगे। पंचनद सेवा ट्रस्ट के प्रधान किशोरी लाल नारंग ने यह जानकारी दी।

### अधिकारी बोर्ड की मासिक बैठक 28 को

**फतेहाबाद।** नगराधीश सुरेश कुमार ने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में 28 दिसंबर को दोपहर बाद 3 बजे अधिकारी बोर्ड की मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। इस दौरान उपायुक्त विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिला में चल रहे विकास कायार्ं और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

### टोहाना शहर से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोर ने टोहाना शहर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में किला मोहल्ला टोहाना निवासी हरदयाल सिंह ने कहा है कि गत दिवस शाम को वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाजार गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को कैंची चौक स्थित गुरूद्वारा बंद बहादुर साहिब के पास खड़ा किया और काम पर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो मोटरसाइकिल गायब थी।

### गेहूं के लिए वरदान मानी जा रही धुंध, तापमान में आई गिरावट

# जिले में 12 बजे तक छाई रही गहरी धुंध दृश्यता 10 फुट, हाइवे पर भिड़ी गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद में सोमवार अलसुबह घना कोहरा छाया रहा। धुंध का असर दोपहर 12 बजे तक रहा। तब तक वाहनों की रफ्तार भी धीमी रही। धुंध के कारण यहां की दृश्यता 10 फुट से भी कम थी। यही वजह रही नेशनल हाईवे बाइपास पर हांसपुर कट के पास कुछ गाड़ियां हादसे का शिकार हो गई। कोहरे के कारण यहां का तापमान भी काफी नीचे आ गया। सोमवार को यहां न्यूनतम तापमान 6 डिग्री दर्ज किया गया। धुंध गेहूं की फसल के लिए वरदान मानी जा रही है।

फतेहाबाद में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सोमवार को लगातार तीसरे दिन भी फतेहाबाद जिले घने कोहरे की आगोश में रहा। दोपहर 12 बजे तक धुंध का असर देखा गया। घने कोहरे के कारण बढ़ी ठिठुरन बढ़ते से सबसे ज्यादा परेशानी सुबह स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को उठानी पड़ रही है। सुबह विजिबिलिटी कम होने से बच्चों के अभिभावकों में भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता साफ नजर आ रही है। घने कोहरे को देखते हुए पुलिस प्रशसन द्वारा भी वाहन चालकों को एडवाइजरी जारी की गई है कि वह दिन और शाम को अपने वाहनों की फॉग लाइट अवश्य ऑन रखें। तीन दिन से पड़ी रही धुंध के कारण रात व सुबह के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। यह मौसम रबी फसलों के लिए संजीवनी माना जा रहा है। अगर सर्दी के साथ कोहरा बढ़ता है तो यह सरसों की फसल के लिए नुकसानदायक हो सकता है।



फतेहाबाद। घने कोहरे की चपेट में सड़कें। फोटो : हरिभूमि

#### गेहूं के लिए वरदान धुंध

अब तक यहां का तापमान सामान्य से ज्यादा चल रहा था। इस कारण गेहूं की बालियां पकने को थी लेकिन उसका आकार छोटा पड़ गया था। ऐसे में कृषि विशेषज्ञों द्वारा उत्पादन कम होने की आशंका जताई जा रही थी। अब पड़ रही गहरी धुंध गेहूं की फसल के लिए काफी फायदेमंद है। गेहूं की फसल के लिए यह धुंध वरदान मानी गई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अब गेहूं का तना मजबूत होगा और बाली में रस बनने से गेहूं का दाना भी मोटा होगा, जिससे उत्पादन बढ़ेगा। कृषि विभाग के डीडीए राजेश सिहाग ने उम्मीद जताई है अभी कुछ दिन धुंध का मौसम रहेगा, जिससे गेहूं को फायदा होगा।

#### ओवरब्रिज के पास टकराई गाड़ियां

धुंध के कारण फतेहाबाद के नेशनल हाईवे बाइपास पर हांसपुर कट के पास फिर कुछ गाड़ियां हादसे का शिकार हो गई। हादसों के पीछे धुंध तो बड़ा कारण थी ही, साथ ही एनएचएआई द्वारा बनाए जा रहे ओवरब्रिज के डायवर्जन को लेकर की गई लापरवाही भी एक कारण रही। यहां पर सुबह एक स्कार्पियो धुंध में एक दम से डायवर्जन आने पर दुर्घटना का शिकार हुई तो इसके बाद दो और कारें हादसा ग्रस्त हो गईं। हालांकि गनीमत रही कि सभी हादसों में कोई जान माल की हानि नहीं रही। इस कट से पहले भी एक मोड़ पर गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे का शिकार एक कार सवार शशि ने बताया कि वह सिरसा से परिवार के साथ फतेहाबाद की तरफ आ रहा था तो हांसपुर कट पर बन रहे फ्लाइओवर को लेकर कोई रोड डायवर्जन नहीं बनाया गया। जहां बजरी आदि पड़ी है, बिल्कुल उससे सटकर यहां बैरिकेड किए हुए थे। धुंध में एकदम से रोड डायवर्ट होने का पता चला तो गाड़ी बैरिकेड से टकरा गई। शशि को हल्की फुल्की चोटें लगी। इसी तरह अन्य हादसे भी हुए। बता दें कि शनिवार को भी यहां इसी तरह से एक ब्रेजा गाड़ी एक ट्रक चालक को टक्कर मारते हुए सड़क से नीचे उतर गई थी। ब्रेजा चालक व ट्रक चालक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। ट्रक चालक भी इन्हीं बैरीकेड्स को ठीक करने के लिए नीचे उतरा था कि हादसे का शिकार हो गया था। लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज के लिए डायवर्जन बारे यहां से कुछ दूर पहले से ही बताया जाना चाहिए ताकि वाहन धीमी गति से आएं और हादसे न हों। खासकर धुंध में इसको लेकर पुख्ता इंतजाम होने चाहिए।

## अवध आसाम एक्सप्रेस रद ठंड में यात्री हुए परेशान



जाखल। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

कड़ाके की ठंड और कोहरे के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त होने लगा हैं। इसका अधिक प्रभाव रेल यातायात पर पड़ा दिखाई दिया है। घने कोहरे के कारण जाखल जंक्शन पर ट्रेन घंटों की देरी से पहुंच रही है। सोमवार को जाखल जंक्शन पर तीन ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंची, वहीं अधिक सर्दी और कोहरे को देखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा मुख्य ट्रेन अवध आसाम एक्सप्रेस को रद्द कर दिया हैं। इससे ट्रेन में आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ज्ञातव्य है कि जाखल जंक्शन में प्लेटफार्म नंबर एक पर शेड न होने के चलते यात्रियों को खुले आसमान तले बैठकर ट्रेनों की प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। प्लेटफार्म नंबर एक पर केवल एक छोटा सा शेड हैं, लेकिन शेड अपेक्षाकृत छोटा है।

#### देरी से पहुंची ट्रेन

जानकारी अनुसार ट्रेन संख्या 14623 पातालकोट एक्सप्रेस, 12439 श्री गंगानगर एक्सप्रेक्स व रेल नंबर 04744 ट्रेन सोमवार को काफी देरी से जाखल स्टेशन पर पहुंची। 14623 पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन का जाखल स्टेशन पर पहुंचने का निर्धारित समय सुबह 7 बजकर 6 मिनट का है लेकिन सोमवार को ये ट्रेन करीब 5 घंटे की देरी से दोपहर 12 बजे जाखल पहुंची। इसी तरह अपने निर्धारित समय दोपहर 1 बजकर 41 मिनट पर यहां पहुंचने वाली श्रीगंगानगर एक्सप्रेस ट्रेन लगभग 7 घंटे की देरी के बाद जाखल पहुंची। वहीं लुधियाना से चलकर वाया जाखल होते हुए हिसार जाने वाली 04744 पैसेंजर ट्रेन भी निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटा देरी से जाखल पहुंचीं। यहीं नहीं, सोमवार को अधिक कोहरा छाने के कारण 15909 अवध आसाम एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द किया गया है।

## शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अखिल भारतीय किसान सभा ने सोमवार को शहीद उधम सिंह को याद करते हुए उनकी जयंती पर सेमिनार का आयोजन किया। किसान सभा के जिला संयोजक हमजिंदर सिद्धू ने बताया कि 26 दिसंबर को शहीद ऊधम सिंह की जयंती होती है, जिसके उपलक्ष्य में अखिल भारतीय किसान सभा ने खैरपुर स्थित कामगार भवन में सेमिनार का आयोजन किया। मुख्य वक्ता किसान सभा की राज्य प्रधान बलबीर सिंह ने कहा कि उधम सिंह हमारे उन प्रमुख शहीदों में से है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना आजादी के आंदोलन में कूद पड़े। उधम सिंह का पूरा जीवन देश की आजादी को समर्पित रहा। उ मुख्य वक्ता ने जोर देते हुए कहा कि जैसे गौरे अंग्रेज भारत में अपने राज को बनाए रखने के लिए लोगों में फूट डालते थे, उसी तरह आज की भाजपा सरकार देश की जनता में जाति और धर्म का जहर घोल रही है। किसानों-मजदूरों के मुद्दों को हल करने की बजाय कॉरपोरेट घरानों को मालामाल कर रही है। सेमिनार के बाद किसान सभा ने 27 दिसंबर को कपास की सरकारी खरीद के लिए मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन देने पर विचार किया गया। मौके पर रा'य महासचिव सुमित दलाल, सतनाम कंबोज धनुर, बलिंदर भरोखां, राजेंद्र रूपावास, इंद्रजीत सिंह, बलवीर कौर एडवोकेट, मीनाक्षी, दर्शना, शिमला आदि मौजूद रहे।



सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## डबवाली इलाके में कोहरे से थमी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

कोहरे का कोहराम अब अपना रंग दिखाने लगा है। सोमवार को इलाके में पड़ी सर्दियों के सीजन पहली गहरी धुंध ने हर किसी को परेशान कर दिया। कोहरे के कारण सुबह सड़कों पर वाहन रेंगते हुए दिखाई दिए। सड़क पर विजिबिलिटी 3 मीटर से भी कम थी। घने कोहरे का यह मंजर करीब 10:30 बजे तक बना रहा उसके बाद धीरे-धीरे आसमान दिखाई देने लगा। पुलिस प्रशासन ने भी घने कोहरे को देखते हुए वाहन चालकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिला पुलिस अधीक्षक सुमेर सिंह के मुताबिक सुबह और रात में कोहरे के दौरान वाहन चालकों को अधिक सावधानी के साथ ट्रैफिक के नियमों पर पूरी तरह से ध्यान रखकर वाहन चलाने की आवश्यकता है। वाहन चालकों को विभिन्न प्रकार के उपायों पर अमल करने के लिए हिदायत दी गई है। अपने गंतव्य को जानें व निर्धारित करने से पहले मार्ग की योजना बनाएं और अतिरिक्त समय हाथ में रखें। अपने वाहन को अच्छी स्थिति में रखें। सुनिश्चित करें कि सब कुछ काम करने के क्रम में है, विशेष रूप से रोशनी, ब्रेक, विंडस्क्रीन वाइपर।

अपने सामने और साईड के वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें और टेल-गेटिंग से बचें। यदि कोहरे में दृश्यता 100 मीटर से कम रह जाती है, तो रोशनी चालू करें। अन्य वाहनों से आगे निकलने का प्रयास न करें। सड़कों के किनारे गाड़ी पार्क ना करे यदि कोहरा बहुत घना है, तो कहीं सुरक्षित जगह रुक कोहरे के कम होने का इंतजार करना सबसे अच्छा है। अपनी लेन में ड्राइव करें और धैर्य रखें।



सिरसा। कोहरे की वजह से सड़क पर वाहनों की स्थिति। फोटो : हरिभूमि

## रजनी राजस्थानी के भजनों से हुए भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली श्री श्याम परिवार की ओर से स्थानीय लक्कड़ मार्केट स्थित पार्किंग में आयोजित श्री श्याम महोत्सव में पहुंचे और बाबा के चरणों में सादर प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया। खाटू श्याम की भजन संध्या का शुभारंभ श्याम बाबा की विधि विधान से मन्त्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर किया गया। उन्होंने श्याम भक्तों को महोत्सव की बधाई दी और नागरिकों की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। भजन संध्या कार्यक्रम में भजन गायक अश्वनी बांसल, सन्नी बांसल व भजन गायिका रजनी राजस्थानी ने भजनों के माध्यम से भक्तों को भाव विभोर किया। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि ऐसी किसी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में या महोत्सव में जाने का मौका मिलता है तो इसमें मेरा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि मैं बाबा खाटू श्याम जी से प्रार्थना करता हूं कि सभी लोगों पर विशेष कृपा बनी रहे। उन्होंने कहा कि जागरण व आध्यात्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों से लोगों में धार्मिक व आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। लोगों को हमारे दिव्य पुरुषों, संतों एवं महात्माओं के बारे में जाने का अवसर मिलता है तथा उनके सान्निध्य में अध्यात्म में उतरने का अवसर प्राप्त होता है। बाबा खाटू श्याम जी की हमारी संस्कृति में बहुत मान्यता है। हमें इस प्रकार के आयोजनों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी धमार्ं के प्रति समर्पित है और हम समृद्धि की ओर बढ़ते हुए एक एकता और सद्भावना की मिसाल प्रस्तुत करना चाहते हैं। मौके पर अग्रवाल सभा प्रधान रमेश गोयल, कमल जैन, अमित सिंगला, पंकज जैन, दीपक, शिव गोयल,अमित भाटिया, अवनीश वालिया, संजय जैन, शोभित जैन सहित श्याम भक्त मौजूद रहे।



फतेहाबाद। श्री श्याम भजन संध्या में पूजा अर्चना करते पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली।

## पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री राम लला के अयोध्या में विराजने को लेकर विश्व हिंदू परिषद द्वारा पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में नगर परिषद की वाइस चेयरपर्सन सविता टुटेजा ने विशेष तौर पर भाग लिया। नहर कालोनी गली नंबर तीन में निर्माणाधीन श्री राम मंदिर से शुरू हुई यात्रा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर और बांके बिहारी मंदिर से होती हुई वापिस श्री राम मंदिर पहुंची। यात्रा का नेतृत्व विक्की रूखाया ने किया। सभी मंदिरों के पदाधिकारियों ने कहा कि 22 जनवरी को सभी मंदिरों और घरों में दिवाली मनाई जाएगी। इस दिन सुबह 11 बजे से 1 बजे तक रक्षा मंत्र, हनुमान चालीसा और विजय मंत्र का पाठ किया जाएगा। सत्संग कीर्तन के बाद लंगर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के हरीश वर्मा, जिला मातृशक्ति संयोजिका उतमपाल रूखाया, मंदिर प्रबंधन कमेटी के अशोक बाघला, पार्षद नीलांशी शर्मा, प्रमोद कुमारी, जनक मेहंदीरता आदि मौजूद थे।



फतेहाबाद। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अक्षत कलश शोभा यात्रा निकालते विहिप सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**आयोजन** | आर्य समाज ने स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती का बलिदान दिवस मनाया

*सुंदर भजनों का कार्यक्रम किया*

## स्वामी श्रद्धानंद ने वैदिक विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आर्य समाज मंदिर फतेहाबाद में अमर शहीद, वैदिक शिक्षा प्रणाली के पोषक एवं गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार के संस्थापक स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती का बलिदान दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम आर्य समाज के पुरोहित पं. दीपक शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ करवाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पं. गौरव शास्त्री ने स्वामी श्रद्धानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी श्रद्धानंद जी ने वैदिक विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तथा लार्ड मैकाले द्वारा स्थापित शिक्षा पद्धति को सही ना मानकर गुरूकुलों की स्थापना करके स्वामी दयानदं सरस्वती द्वारा स्थापित वैदिक शिक्षा का प्रचार किया। भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में भी स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती द्वारा बढ़चढ़ कर भाग लिया तथा दलितोद्धार करने के लिए शुद्धि सभा की स्थापना की तथा असंख्य लोगों को शुद्ध करके वैदिक धर्म में सम्मिलित करवाया।

इस अवसर पर बोदीवाली से यशवीर आर्य द्वारा तथा आर्य महिला समाज की ओर से बहुत सुंदर भजनों का कार्यक्रम किया गया। आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरूण ग्रोवर ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा सभी को आर्य समाज की विचारधारा से जुड़ने की प्रार्थना की। इस अवसर पर पॉयनियर स्कूल के डायरेक्टर विजय निमारेही, पूर्व प्रधान बुधराम आर्य, पूर्व पार्षद पंकज मुखी, सचिव डॉ. राजवीर शास्त्री, राजेश डीपी, रोशन लाल गोदारा, सुरेन्द्र सोनी, रिछपाल जिलेदार, हरीश वर्मा, गुरूकुल मताना के आचार्य सुनील शास्त्री, जयवीर आर्य, समाजसेवी नंदलाल चराईपौत्रा, सुमन रेहलन, सीमा ग्रोवर, सुमनलता, शील चौधरी, सुषमा भ्याना, आर्य समाज के सेवक रामू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



फतेहाबाद। आर्य समाज द्वारा स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती बलिदान दिवस पर आयोजित यज्ञ में भाग लेते सदस्य।

## राज्यस्तरीय गुड गवर्नेंस अवार्ड से सम्मानित हुए डा. सुखदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला में पराली प्रबंधन करने के लिए चलाए गए विशेष अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर उप निदेशक कृषि डॉ सुखदेव सिंह को राज्य स्तरीय अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सुशासन दिवस पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उप निदेशक कृषि डॉ सुखदेव सिंह को दिया।

गौरतलब है कि उप कृषि निदेशक डा. सुखदेव सिंह को कृषि संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2023 का रा'य स्तरीय गुड गवर्नेंस अवार्ड मिला है। उप कृषि निदेशक डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में जिला में धान के फ़सल अवशेष प्रबंधन पर कई विशेष कार्य किए गए है, जिसके फलस्वरूप गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष आगज़नी की घटनायें घटकर लगभग आधी रह गयी है। विभाग द्वारा फ़सल अवशेष प्रबंधन प्रोत्साहन राशि के लिए जिला के 19 हजार 530 किसानों (165000 एकड़) का पंजीकरण करवाया गया जिसमें किसानों को प्रति एकड़ 1000 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।



सिरसा। डीडीए डा. सुखदेव सिंह को गुड गवर्नेंस अवार्ड से सम्मानित करते मुख्यमंत्री।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
26 दिसंबर 2023
वर्षांत-नववर्ष विशेषांक

देखते ही देखते वर्ष 2023 भी हमसे विदा ले रहा है। साल के इस आखिरी समय में अधिकतर लोग मन ही मन इसी उधेड़बुन में लगे हैं कि हमने क्या खोया और क्या पाया? इस तरह सोचने से कोई फायदा नहीं, जो बीत गई, सो बात गई। अब नूतन वर्ष के सूर्योदय की ओर देखें, नई आशाओं और उमंगों के साथ ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो खुशहाल जिंदगी दे।



# जो बीत गई सो बात गई

कवर स्टोरी / विनीता

सही कहा गया है कि बीता हुआ समय और जुबान से निकले शब्द कभी भी लौट कर वापस नहीं आते। इस साल को समाप्त होने में भी अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे समय में अधिकतर लोग यह सोच कर दुखी हो जाएंगे, 'यह साल भी यूं ही बीत गया, इन बारह महीनों में हमें ना तो कोई विशेष कामयाबी हासिल हुई और ना ही जीवन में कुछ ऐसा नया घटित हुआ, जिसे याद करके खुशी महसूस हो।' साथ ही लोगों को ऐसी बातें भी याद आएंगी, जिनकी वजह से इस साल उनका मन आहत-दुखी हुआ हो। कई बार उसे अपनी किसी गलती पर बहुत पश्चात्ताप भी महसूस होगा कि उसे ऐसा नहीं करना चाहिए था या उसे यह नहीं बोलना चाहिए था। ऐसी नकारात्मक बातें साल के अंत में व्यक्ति को बहुत बेचैन-परेशान करती हैं। ऐसे में कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की यह पंक्ति 'जो बीत गई सो बात गई' को याद रखते हुए वर्तमान यानी नए साल में अपने जीवन को संवार-निखार कर, उसे पहले की तुलना में अधिक सुंदर और सार्थक बनाने के प्रयास में जुट जाएं।

## सही ढंग से करें टाइम मैनेजमेंट

सर्वप्रथम इस बात को समझें कि जीवन का हर पल बहुत कीमती है, हम उसकी कीमत पहचानें और बिना वक्त बर्बाद किए अपने हर क्षण का सदुपयोग करें। अपनी दिनचर्या को इस ढंग से व्यवस्थित करें कि हमारे सभी कार्य सही समय पर पूरे हों, साथ ही हमें आराम करने के लिए भी समय मिले, क्योंकि स्वस्थ और प्रसन्न रहने के लिए थोड़ा आराम भी जरूरी है। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी जागने का हम संकल्प लें। मोबाइल का सीमित उपयोग करें, क्योंकि सोशल मीडिया पर अधिक सक्रियता समय की बर्बादी का बहुत बड़ा कारण है। रोजाना सुबह उठकर हम आवश्यक कार्यों की एक सूची बनाएं और रात को सोने से पहले एक बार उसे अवश्य चेक कर लें कि उनमें से कौन-से काम पूरे हो गए, किसी वजह से अगर कोई काम अधूरा रह गया हो, तो उसे अगले दिन जरूर पूरा कर लें। जहां तक संभव हो हम आज के काम को कल पर टालने की आदत छोड़ दें।

## माफ करें, भूल जाएं

बीते समय की कटु स्मृतियां दुखों की सबसे बड़ी वजह हैं। इसलिए अगर किसी की बातों से आपका मन आहत हुआ हो, तो बार-बार उन्हीं



बातों को याद करके उदास होने से बेहतर है कि आप उन बातों को भूल जाएं। जिस व्यक्ति के व्यवहार से आप दुखी हैं, उसके प्रति अपने मन में लंबे समय तक नाराजगी ना रखें, बल्कि थोड़ी उदारता दिखाते हुए उसे माफ कर दें। यकीन मानिए, इससे आपके मन को बहुत सुकून मिलेगा। इसी बात का दूसरा पहलू यह भी है कि अगर कभी जाने-अनजाने में आपके किसी व्यवहार से दूसरों की भावनाएं आहत हुई हों, तो ऐसी बातों को भी अपने मन में ना रखें, क्योंकि ग्लानि की वजह से आपको अकसर उदासी महसूस होगी। ऐसी मनोदशा से बाहर निकलने के लिए जितनी जल्दी हो सके आप उस व्यक्ति से माफी मांग लें। इससे आप तनावमुक्त हो जाएंगी। मशहूर शायर मिर्जा गालिब ने सही कहा है, *'कुछ इस तरह मैंने जिंदगी को आसान कर लिया, किसी से माफी मांग ली, किसी को माफ कर दिया।'*



## वर्तमान में जिएं

जो समय बीत गया, वह लौटकर कभी वापस नहीं आता, इसलिए उसके बारे में सोचकर पछताना छोड़ दें। भविष्य के लिए योजनाएं जरूर बनाएं, लेकिन यह भी जाने लें कि आने वाला समय भी हमेशा अनिश्चित होता है, उसके बारे में कोई कुछ भी बता नहीं सकता, इसलिए वर्तमान की अहमियत को समझते हुए सामने जो भी कार्य हो, उसे पूरा करने की कोशिश करें। अगर आप योजनाबद्ध ढंग से वर्तमान को संवारने की कोशिश में जुटी रहेंगी, तो स्वाभाविक रूप से आपका भविष्य अपने आप बेहतर हो जाएगा, क्योंकि आज की मेहनत का परिणाम कुछ समय के बाद ही नजर आता है।

...तो फिर क्यों ना जो कुछ भी दुखद था, इस साल के अंत में आप उसे भुलाकर केवल मधुर स्मृतियों को संजोने का संकल्प लें, निश्चित ही नववर्ष आपके लिए मंगलमय होगा। ❁

## मजबूत हो इच्छाशक्ति

**हो सकता** है, किसी असफलता की वजह से आप उदासी-हताशा महसूस कर रही हों, लेकिन हिम्मत ना हारें, बल्कि दृढ़ निश्चय के साथ जुटी रहें और खुद से यह वादा करें, 'मुझे हर हाल में खुश रहना है।' अगर आपके साथ कुछ बुरा हुआ हो तो उसे भूल कर बेहतरी की दिशा में अगला कदम बढ़ाएं। हमेशा याद रखें कि अच्छा सोचने का परिणाम हमेशा अच्छा ही होता है। इसलिए जीवन के प्रति हमेशा सकारात्मक नजरिया अपनाएं। 'मेरा यह कार्य जरूर पूरा होगा', अगर आप अपने मन में ऐसे आशावादी विचार रखेंगी तो आपको हर हाल में सफलता मिलेगी। ❁



हम अनजाने में ही कुछ ऐसी आदतें बना लेते हैं, जो हमें तनाव देती हैं, हमारे आगे बढ़ने के रास्ते में बाधक बनती हैं। बीत रहे साल में हम इन बुरी आदतों को विदाई दें, ऐसी आदतें अपनाएं जो हमें हर तनाव से मुक्त रखें।

# बीत रहे साल में पुरानी आदतों को दें विदाई

लाइफस्टाइल / शिखर चंद जैन

हम बढ़ती उम्र के साथ अनुभवी, समझदार और परिपक्व होते जाते हैं। जाने-अनजाने हम कई गलतियां भी करते हैं या ऐसी आदतें बना लेते हैं, जिनके परिणाम नुकसानदेह होते हैं, जो हमें बाद में समझ में आते हैं। जाहिर है, इन गलतियों को ना दोहराने और बुरी आदतों को छोड़ देने में ही हमारी भलाई है। आइए, विदा ले रहे साल में हम अपनी बुरी और गलत आदतों की भी विदा कर दें। ये आदते हैं-

**दूसरों से अपनी तुलना:** कुछ लोगों में दूसरों से अपनी तुलना करने और फिर खुद को कमतर आंकते हुए दुखी रहने की आदत हो जाती है। इस आदत से नुकसान ही होता है, क्योंकि इससे आप आत्महीनता का शिकार हो जाती हैं, हताशा-निराशा की ओर बढ़ती हैं। नतीजा यह होता है, आपकी काम करने की इच्छा, ऊर्जा-शक्ति कम होने लगती है। इसलिए नए साल में आप अपने व्यक्तित्व में नया निखार लाएं, अपनी मेहनत पर भरोसा करें। इससे आपके आगे बढ़ने के रास्ते प्रशस्त होंगे।

**दूसरों से राय लेना:** जब आप किसी भी काम को करने से पहले सशंकित रहती हैं। छोटे-छोटे कामों के लिए भी दूसरों की राय पर निर्भर रहती हैं तो समझ लीजिए कि आप अपनी प्रगति की राह में खुद ही रोड़े अटका रही हैं। आपको अपनी निर्णय लेने की शक्ति और अपने विचारों पर भरोसा होना चाहिए। जब तक कोई बहुत उलझा हुआ या बड़ा मामला ना हो, आप बेवजह लोगों की राय लेने से बचें। जब आप स्वयं अपने निर्णय लेंगी तो आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सबके काम का बोझ लेना :** हमसे से कुछ लोगों को दूसरों के सामने अच्छा बनने या सबका दिल जीत लेने की आदत होती है, यह आदत आपके दिलो-दिमाग पर भारी पड़ सकती है। वाहवाही पाने के लिए दूसरे के कामों को अपने सिर पर लेना कोई समझदारी की बात नहीं है। इससे आप पर मेंटल, फिजिकल प्रेशर बढ़ता है, आपकी वर्क एफिशिएंसी कम होती है। जब तक कोई बहुत अजीज ना हो, किसी बड़ी परेशानी में ना हो, तब तक उसका काम ना लें। अनावश्यक रूप से अपने कामों का बोझ ना बढ़ाएं।

**टॉक्सिक संबंधों को वक्त देना :** कुछ रिश्तेदार, परिचित या पड़ोसी आपको हमेशा मानसिक कष्ट देते हैं। आप शिष्टता के नाते या लोकलाज से कई बार इन रिश्तों को ढोती रहती हैं, लेकिन नए साल में ऐसा हरगिज ना करें। ऐसे रिश्ते आपकी ऊर्जा, समय, कार्यक्षमता और सुकून को नष्ट करते हैं, साथ ही मन में नकारात्मकता का भाव भरते हैं। ऐसे रिश्तों से दूरी बना लें और चैन से रहें। आप ऐसे लोगों से जुड़ें, जिनका साथ आपको मानसिक शांति, प्रेरणा और उत्साह दे और सकारात्मक भावों का संचार करे।

**अपनी जरूरत को नजरअंदाज करना:** घरेलू महिलाएं अकसर अपने सास-ससुर, पति और बच्चों के कामों में, वर्किंग वुमेन भी घर और वर्कप्लेस की दोहरी जिम्मेदारी के चलते अपनी सेहत, साज-श्रृंगार और शौक को भुला देती हैं। यह ना भूलें कि जब आपका तन-मन प्रसन्न और दुरुस्त नहीं रहेगा तो आप अपने परिजनों की सही ढंग से कैसे देख-भाल कर पाएंगी? इसलिए नए साल में अपना यह रेजोल्यूशन जरूर रखिए कि दूसरों की देख-भाल के साथ अपना भी ध्यान रखेंगी। ❁



### ये आदतें भी छोड़ दें

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगे रहना और अपनी वास्तविक जरूरत को समुचित समय ना देना।
- परफेक्शन के चक्कर में वक्त की बर्बादी और अपने जरूरी कामों को अधूरा छोड़ना या टालना।
- दिन-रात सिर्फ सोचते रहना, नित नई प्लानिंग बनाना लेकिन वास्तविकता के धरातल पर कुछ ना करना।

सलाह / मनीषा

# विपरीत परिस्थितियों से लें जीवन के सबक

साल के अंत में अधिकांश लोग जो अच्छा हुआ है, उसे कम ही याद करते हैं, लेकिन जो भी विषम परिस्थितियों के चलते बुरा हुआ है, उसे लेकर उदास-दुखी रहते हैं। यह दुख आगे लंबा खिंचे, नए साल में भी दिलो-दिमाग में बैठा रहे तो यह अपने हित में नहीं है। इससे जल्द से जल्द उबरना जरूरी है। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखते हुए, नई सोच के साथ अपना जीवन जीना होगा।

**भुला दें दुखद-कटु स्मृतियां:** सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। जीवन में बारी-बारी से सुख और दुख का आना-जाना लगा रहता है। अगर आप आने वाले नए साल में भी खुश रहना चाहती हैं तो दुखद- कटु स्मृतियों को भूलकर केवल अच्छी-प्यारी बातों को ही याद रखें और सकारात्मक सोच के साथ आगे की ओर कदम बढ़ाएं। इससे जीवन में खुशहाली आएगी।

**समय है सबसे बड़ा सबक :** बुरा समय भी हमें बहुत कुछ सिखा जाता है। सही मायने में समय हमें एक शिक्षक की तरह



जीवन के जरूरी सबक सिखाता रहता है। इसलिए जब भी अपनी किसी कमी या गलती से बुरा हुआ है, इस गलती और कमी को जानें-समझें और इससे सबक लें। आगे इस गलती को कभी दोहराएं नहीं।

**जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं :** कई बार हमारे सामने कुछ ऐसी परिस्थितियां भी होती हैं, जिन पर हमारा कोई नियंत्रण नहीं होता। मसलन कोई आकस्मिक दुर्घटना, आर्थिक नुकसान और प्रियजनों का निधन। इससे होने वाले नुकसान की भरपाई बहुत मुश्किल होती है। ऐसे में आपको यही सोचना चाहिए कि ऐसे हालात के लिए आप कहीं से भी जिम्मेदार नहीं हैं, इसलिए 'मेरे ही साथ ऐसा क्यों हुआ?' यह सोचकर उदास-निराश ना हों, ना ही अपने मन में कोई ग्लानि लाएं। इस तरह के दुखों से उबरने में थोड़ा समय जरूर लगता है, लेकिन एक समय बाद उदासी भरे दिन बीत ही जाते हैं। इसलिए दुखद बातों को याद करके उदास होने के बजाय अपने भविष्य के बारे में अच्छा सोचें, अपनी समस्या के बारे में अनुभवी लोगों से सलाह लें, साथ ही समस्या के समाधान के बारे में तार्किक ढंग से सोचकर उसका हल खोजने की कोशिश करें। कोई रास्ता जरूर निकल ही आएगा। हमेशा खुश रहें और जीवन के प्रति आशावादी सोच अपनाएं, यह सोच रखेंगी तो आने वाला नया साल निश्चित रूप से आपके लिए मंगलमय होगा। ❁

सजेशन / ललिता गोयल

आने वाले न्यू ईयर वेलकम को सेलिब्रेट करने के लिए आप जरूर किसी पार्टी में जाएंगी या फिर अपने ही घर में पार्टी ऑर्गनाइज करेंगी। ऐसे में आपको कुछ बातों का जरूर ख्याल रखना चाहिए। इससे आपकी पार्टी तो शानदार होगी ही सब इसे खूब एंज्वॉय भी करेंगे।

# न्यू ईयर ईव पार्टी ऐसे बनाएं यादगार

साल 2023 को विदा होने में अब कुछ ही दिन रह गए हैं। इन दिनों आप भी नए साल के स्वागत की तैयारियों में जुटी होंगी। न्यू ईयर ईव पार्टी को स्पेशल बनाने के लिए अगर आप अपने परिवार और दोस्तों के साथ घर से बाहर पार्टी ऑर्गेनाइज कर रही हैं या किसी दोस्त की ऑर्गेनाइज पार्टी का हिस्सा बनने जा रही हैं, तो आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। इससे आपका न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेशन यादगार बन जाएगा।

## वेन्यू की हो जानकारी

पार्टी में जाने से पहले पार्टी वेन्यू की लोकेशन अच्छी तरह पता कर लें, जिससे बिना परेशान हुए आसानी से आप समय पर वहां पहुंच सकें और पार्टी एंज्वॉय कर सकें।

## ड्रेसअप का रखें ख्याल

पार्टी में जाने से पहले होस्ट यानी मेजबान से यह जान लें कि पार्टी का वेन्यू कैसा होगा, यानी पार्टी ओपन एरिया में होगी या किसी हॉल में, उसी के अनुसार आप अपने पार्टी आउटफिट का सेलेक्शन करें। क्योंकि स्टाइलिंग और फैशनेबल दिखने की चाहत में कुछ महिलाएं ऐसी ड्रेस पहन लेती हैं,




जिसमें ठंड लग सकती है। ठंड लगने से पार्टी को आप एंज्वॉय भी नहीं कर सकेंगी। अगर पार्टी का कोई ड्रेस कोड है, तो उसके अनुसार अपनी ड्रेस चूज करें।

## सभी से घुलें-मिलें

पार्टी में सबसे अलग या अकेले ना रहें, खुद आगे बढ़कर सबके साथ घुलें-मिलें। ऐसा



शो ना करें कि आप पार्टी को एंज्वॉय नहीं कर रही हैं या पार्टी अरेंजमेंट से आप संतुष्ट नहीं हैं। इससे पार्टी होस्ट या अन्य फ्रेंड्स को अच्छा फील नहीं होगा। पार्टी में गेम्स, डांस, म्यूजिक और अन्य एक्टिविटीज में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और पार्टी को पूरी तरह से एंज्वॉय करें।

## डाइट का रखें ख्याल

न्यू ईयर पार्टी में अपने खान-पान का भी खास ध्यान रखें और अनहेल्दी फूड्स को कम से कम खाएं। अपनी सेहत को ध्यान में रखते हुए खाने का चुनाव करें। साथ ही ओवर ईटिंग करने से भी बचें।

## रूल्स फॉलो करें

नए साल मनाने की एक्साइटमेंट में कुछ लोग कानून और नियमों को भूल जाते हैं। आप ऐसा बिल्कुल ना करें। न्यू ईयर पार्टी के दौरान सड़क पर शोर ना मचाएं, लेट नाइट ड्राइव करते समय यातायात नियमों और कानून का उल्लंघन करने से बचें। ❁

आधी आबादी-2023 / नौशाबा परवीन

# बुलंद हौसले से कायम की मिसाल

तमाम विपरीत स्थितियों के बावजूद कई महिलाओं ने अपने बुलंद हौसलों के बल पर अलग-अलग क्षेत्रों में इस वर्ष शानदार मुकाम पाकर नई मिसाल हासिल की। ऐसी ही कुछ महिलाओं पर एक नजर।


निर्मला सीतारमण


लीना नायर


निगार शाजी


नेहा नर्खेड़े

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 4 दिसंबर 2023 को जो अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी की, उससे मालूम होता है कि 2021 की तुलना में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इतनी प्रतिकूल परिस्थितियों और बंदिशों के बावजूद महिलाओं ने 2023 में भी कई क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां हासिल कीं, जिन पर ना केवल आधी आबादी को, पूरे समाज को गर्व है।

**स्पोर्ट्स फील्ड :** मेरठ में इकलौता गांव की पारुल चौधरी और बहादुरपुर गांव की अन्नू रानी ने जब स्पोर्ट्स में करियर बनाना तय किया था तो उन्हें अपने रिश्तेदारों और अन्य ग्रामीणों से जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा था। लेकिन जब चीन में आयोजित हुए एशियन गेम्स में पारुल ने स्वर्ण, रजत पदक और अन्नू रानी ने स्वर्ण पदक जीते तो उनका विरोध करने वाले ग्रामीण ही उनकी सफलता का जश्न मनाने लगे। उनकी तरह ही इस साल कई रिकॉर्ड तोड़ने और विजय पताका लहराने के बाद हांग्जो एशियन गेम्स में आर्चरी प्लेयर ज्योति वेंनम ने भी कमाल कर दिया। उन्होंने स्वर्ण पदकों की हैट-ट्रिक लगाई।

**साइंस-टेक्नोलॉजी :** इस साल भारत ने सफलतापूर्वक आदित्य-एल1 (सूर्य का अध्ययन करने हेतु देश का पहला ऑब्जर्वेटरी मिशन) स्पेस में भेजा। इस प्रोजेक्ट की निदेशक एक महिला वैज्ञानिक निगार शाजी थीं।

**बिजनेस :** बिजनेस के क्षेत्र में भी अब महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। पुणे में जन्मी 38 वर्षीय नेहा नर्खेड़े इस वर्ष सबसे कम आयु की सेल्फ-मेड महिला उद्यमी के तौर पर आईआईएफएल वेल्थ हुरून इंडिया रिच लिस्ट में शामिल हुईं।

**सोशल वर्क:** इस साल महिलाएं समाज सेवा में भी पीछे नहीं रही हैं। मसलन, नीति गोयल रेस्तरां श्रंखला की मालिक तो हैं ही, साथ ही वे विख्यात समाज सेवी भी हैं, जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने 32 अनाथालयों और 800 सेक्स वर्कर्स को गोद लिया हुआ है। रायगढ़ में गरीबों के लिए 1,000 घरों का निर्माण कराया है। महामारी के दौरान उन्होंने सोनू सूद के घर भेजो अभियान के जरिए 1.5 लाख अप्रवासी मजदूरों को वापस घर भेजा और 80 लाख पैकेट मुफ्त भोजन के वितरित किए थे।

**सोशल मीडिया-ग्लैमर वर्ल्ड :** एक्टर और मॉडल 28 वर्षीय पायल जैन 2023 में भारत की टॉप महिला यू-ट्यूबर बनीं। उनके यू-ट्यूब चैनल पर 2.57 मिलियन सब्सक्राइबर हैं। इस साल के पहले नौ माह के दौरान 'नेशनल क्रश' का टैग रश्मिका मंदाना को मिला हुआ था, लेकिन जैसे ही फिल्म 'एनिमल' रिलीज हुई तो 'नेशनल क्रश' तृप्ति दिमरी हो गईं। उनके इंस्टाग्राम फोलोवर्स की संख्या 0.66 मिलियन से बढ़कर 2.6 मिलियन हो गई।

इस तरह देखा जाए तो बीत रहे साल में भारतीय महिलाओं ने अनेक क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं, जो आधी आबादी को प्रेरणा देने वाली हैं। ❁

### टॉप 10 पावरफुल इंडियन वूमेन

**फुटियून इंडिया** के अनुसार 2023 में भारत की दस सबसे पॉवरफुल महिलाएं

1. निर्मला सीतारमण, भारत की फाइनेंस मिनिस्टर
2. नीता अंबानी, चेयरपर्सन रिलायंस फाउंडेशन
3. लीना नायर, फ्रेंच लक्जरी ग्रुप चैनल की पहली भारतीय मूल की सीईओ
4. फाल्गुनी नायर, सीईओ, नयका
5. गीता गोपीनाथ, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, आईएमएफ
6. माधबी पुरी बुच, सेबी की पहली महिला चेयरपर्सन
7. कली पुरी, वाइस-चेयरपर्सन, इंडिया टुडे ग्रुप
8. शोबना कमिनेनी, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, अपोलो हॉस्पिटल्स
9. अंशुला कांत, एमडी, वर्ल्ड बैंक ग्रुप
10. अपर्णा बावा, सीओओ एंड इंटरिम चीफ लीगल ऑफिसर, जूम वीडियो कम्युनिकेशंस ❁

## सीएम के पूर्व राजनीतिक सलाहकार ने किया यात्रा का स्वागत

# जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को मिला योजनाओं का लाभ

हर पात्र व्यक्ति को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मिल रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। गांव नागोकी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लेते जगदीश चोपड़ा।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार को गांव रिसालियाखेड़ा, बिज्जुवाली, नागोकी, रंगा, गदली, कुम्थल, भुर्टवाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव नागोकी में मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा ने यात्रा का स्वागत किया। इसके अलावा गांव रिसालियाखेड़ा में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व फतेहाबाद के जिला प्रभारी देव कुमार शर्मा, गांव बिज्जुवाली में हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन आदित्य देवीलाल, गांव रंगा में पूर्व विधायक बलकौर सिंह, गांव गदली में अमन चोपड़ा, गांव भुर्टवाला में मंजीत धालीवाल व गांव कुम्थल में प्रदेश सचिव महिला मोर्चा निताशा सिहाग ने यात्रा का स्वागत किया। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेश मेहता, जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश फोजी, अधिराजेदेवीलाल, अमीलाल पारीक, माला राम, बि'जुवाली के सरपंच सुरेंद्र सुथार, कृष्ण कुमार चौहान, सुनील डूडी, श्याम सुंदर बिश्नोई, सरपंच रंगा कर्मजीत सिंह, सरपंच नागोकी सुखपाल कौर, बिंदू शर्मा, रूलदुराम नंबरदार, हरविंद्र सिंह रोड़ी, हनुमान कुंडू, राम निवास राठी, रविंद्र गदली, जयंत चौहान भी मौजूद रहे।

### सरकार की योजनाओं की लोगों ने सराहना की

जगदीश चोपड़ा ने कहा कि जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ पारदर्शी रुप से मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण श्मोदी जी की गारंटी वैन के पास आकर अपनी जुबानी अपनी कहानी सुनाकर सरकार की योजनाओं की सराहना कर रहे हैं। जो लोग गांव में आवास, शौचालय, रसोई गैस सिलेंडर, निःशुल्क राशन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान बीमा जैसी किसी भी योजना से अब तक किन्हीं कारणों से वंचित रह गए हैं, उन्हें वैन के पास आयोजित कार्यक्रम में मौके पर ही योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।




सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता सुभाष मानसा।

## मार्क्सवाद अपने भीतर झांकें, देश में क्यों हावी हो रहा पूंजीवादः सुभाष मानसा

सिरसा। भगत सिंह संस्थान द्वारा स्थानीय युवक साहित्य सदन में पूरन मुद्गल आख्यानमाला-4 का आयोजन हुआ। संस्थान के सचिव विशाल वत्स ने बताया कि समारोह में मुख्य वक्ता प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष सुभाष मानसा थे जबकि अध्यक्षता प्रख्यात चिकित्सक जीके अग्रवाल ने की। उन्हेंने सरल भाषा में पूंजीवाद के खेल का वर्णन किया। सुरेश बरनवाल ने अतिथियों का परिचय करवाया, जबकि संस्था का परिचय इंद्रजीत सेतिया ने दिया। समाजवाद बनाम आक्रामक होते पूंजीवाद पर बोलते हुए मानसा ने कहा कि मार्क्सवाद को अपने भीतर झांकना चाहिए, की पूंजीवाद हावी क्यों हो रहा है? मुख्यातिथि रामसरूप किसान ने कहा कि पूंजीवाद दरअसल हर व्यक्ति के भीतर विद्यमान है, जिसे खत्म करना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि स्वर्णसिंह विर्क ने पूरन मुद्गल को याद करते हुए कहा कि पूरन मुद्गल अपने सिद्धांतों के साथ जीवन में समाजवाद के पोषक रहे।

## पूजित अक्षत पहुंचाए जाएंगे धार्मिक स्थल



सिरसा। विश्व हिंदू परिषद की ओर से जारी अक्षत यात्रा का स्वागत करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां

विश्व हिंदू परिषद की ओर से जारी अक्षत यात्रा का प्रथम चरण समाप्ति की ओर है। अब 1 से 15 जुलाई तक घर-घर जाकर अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निमंत्रण दिया जाएगा। जिला संयोजक गौरव शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम उन्होंने गुरुओं और उनके परिवार को याद किया। उन्होंने बताया कि अक्षत यात्रा का प्रथम चरण समाप्ति की ओर है। यह यात्रा पहले जिला, फिर खंड, फिर मंडल और अब मंडल से गांवों में प्रवेश करेगी। उन्होंने बताया कि विगत दिवस मंडल के गांव बणी, खारिया, मौजूखेड़ा व धौलपालिया में आयोजित की गई, जिसमें लोगों को निमंत्रण दिया गया। शर्मा ने बताया कि सभी खंडों में घर-घर पहुंचाने के लिए अक्षत, पत्रक और राममंदिर का चित्र पहुंचा दिया गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व धार्मिक स्थलों में पूजित अक्षत पहुंचाए जाएंगे।

# किसान-मजदूर जन आक्रोश रैली से हुई एक नई क्रांति की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। अपने समर्थकों सहित सिरसा रैली के लिए कूच करते वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. विरेन्द्र सिवाच।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने रविवार को सिरसा में हुई किसान मजदूर जन आक्रोश रैली में फतेहाबाद से पहुंचे हजारों कार्यकर्ताओं और जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि रैली में उमड़े अपार जनसमूह ने यह दर्शा दिया है कि अबकी बार जनता बदलाव के मूड में है। लोगों के प्यार ने यह साबित कर दिया है कि आने वाले मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही होंगे।

डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि आज हरियाणा बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध और नशाखोरी में नंबर 1 है। सत्ताधारी लोगों ने कोई अच्छा काम नहीं किया, केवल हरियाणा को लूटने में लगे हुए हैं। प्रदेश सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए उनेंने कहा कि प्रदेश की 36 बिरादरी ने बीजेपी-जेजेपी सरकार से छुटकारा पाने और कांग्रेस सरकार बनाने का मन बना लिया है। 2005 में जब प्रदेश में कांग्रेस सरकार किसानों के समर्थन से सत्ता में आई तो सबसे पहले किसानों के बिजली बिल माफ करने का काम हुआ जबकि पिछली सरकार ने किसानों पर गोलियां चलाने का काम किया। डॉ. वीरेंद्र सिवाच ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने कार्यकाल में 2136 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवाया गया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कांग्रेस सरकार बनने पर जनता को कई लाभ देने का वादा किया है।

## महापरिनिर्वाण दिवस पर भव्य रूप से सजाया गया डेरा




सिरसा। उदासीन संत बाबा भूमणशाह के 276वें परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत करने के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु बाबा भूमणशाह के जयकारों की गूंज के साथ मुख्य डेरा में पहुंचने शुरू हो गए हैं। महापरिनिर्वाण दिवस के लिए मुख्य डेरे को रंग-बिरंगी रोशनी की लड़ियों से सजाया गया है। डेरे के सेवक सचिव विनोद एडवोकेट ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा, लंगर, चिकित्सा, पार्किंग व रहने और ठहरने की आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर को खेल उत्सव व चिकित्सा शिविर का शुभारंभ बाबा ब्रह्मदास करेंगे। 27 दिसंबर को रक्तदान शिविर और सांय को शबद कीर्तन होगा। 28 दिसंबर शब्द कीर्तन व डेरे के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देंगे।

## आप नेता लक्ष्य गर्ग ने कहा, भ्रामक विज्ञापनों से बचें युवा शक्ति

# खेलों के प्रति लगाव पैदा करें युवा

- ढिंगसरा में अंडर-14 फुटबाल चैम्पियनशिप का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव ढिंगसरा में आप नेता लक्ष्य गर्ग को सम्मानित करते ग्रामवासी।

युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें। नशा को खत्म करना हम सबकी नैतिक व सामाजिक जिम्मेवारी है। यह बात आम आदमी पार्टी के प्रदेश सहसंयोजक लक्ष्य गर्ग ने गांव ढिंगसरा में युवा क्लब द्वारा आयोजित अंडर-14 फुटबाल चैम्पियनशिप का बतौर मुख्यअतिथि उद्घाटन करते हुए कही। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने आप नेता का भव्य स्वागत किया। सर्वप्रथम आप नेता ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों से परिचय कर उन्हें खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग के अनेक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आप नेता लक्ष्य गर्ग ने उन्होंने खिलाड़ियों से टीवी पर आने वाले भ्रामक विज्ञापनों से बचने का आह्वान करते हुए कहा कि हम देखते हैं कि टीवी पर बड़े-बड़े सेलिब्रिटीज कुछ पैसों की लालच में तम्बाकू, कोल्ड ड्रिंक्स, फास्ट फूड का जमकर प्रचार करते हैं लेकिन असल में ये सभी उत्पाद हमारे शरीर के लिए बेहद खतरनाक होते हैं। युवा इससे दूर रहें।

### साफ-सुथरा भोजन करें

युवाओं को इन सेलिब्रिटीज को अपना रोल मॉडल मानने की बजाय अपने घर के बड़े-बुजुर्गों, माता-पिता के कहे अनुसार साफ-सुथरा भोजन करना चाहिए। इस अवसर पर टूर्नामेंट आयोजकों द्वारा आप नेता को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर भूना ब्लाक अध्यक्ष साधूराम बिश्नोई, राम सिंह बिशोर, भट्टू ब्लाक अध्यक्ष रोहताश खत्ती, गांव सचिव कान्हा राम, रमेश कम्बोज, राजकुमार आदि थे।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

पाठक पुरस्कार योजना-2023

नाम.................................सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी.................................
पता.................................तहसील ....................पिन....................
जिला ....................... फोन नं. ....................... एजेंट का नाम ..........................

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| सामान्य कूपन | सामान्य कूपन | सामान्य कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |
| मास्टर कूपन | मास्टर कूपन | मास्टर कूपन |

नियम व शर्तें ● हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के तहत 01 जून 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक प्रकाशित कुल 24 कूपनों में से कोई 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन) इस प्रपत्र में निर्धारित स्थान पर चिपकाएं (क्रम संख्या अनिवार्य नहीं है)। किसी एक दिनांक के दो कूपन प्रपत्र में नहीं चिपकाएं जा सकते। पूर्ण रुप से भरा हुआ मूल प्रपत्र अपने नजदीकी हरिभूमि कार्यालय में या मुख्य कार्यालय में स्वयं अथवा साधारण डाक द्वारा भिजवायें। ● किसी भी कूपन और प्रपत्र की छाया प्रति स्वीकार नहीं की जाएगी। ● प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 होगी। अंतिम तिथि के बाद प्रपत्र स्वीकार्य नहीं होगें। विजेताओं का चयन ड्रॉ द्वारा किया जाएगा। ड्रॉ निकालने की तिथि 15 फरवरी 2024 होगी। विजेताओं की सूची 01 मार्च 2024 के बाद समाचार पत्र में प्रकाशित की जाएगी। ● प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय से पुरस्कार प्राप्त करना होगा। अन्य सभी विजेता हरिभूमि के उनके नजदीकी कार्यालय से पुरस्कार प्राप्त कर सकेंगे। ● सभी विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अपने फोटो पहचान पत्र की फोटोप्रति हरिभूमि कार्यालय में जमा करानी होगी। अपने साथ पहचान पत्र की मूल प्रति लाना न भूलें। ● किसी भी वास्तविक पुरस्कार की बनावट एवं संख्या विज्ञान में दिखाए गए चित्र व संख्या से भिन्न हो सकती है। उत्पाद गारंटी निर्माता कपंनी की शर्त अनुसार होगी। ● राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ● हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रोहतक होगा। ● हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

हरिभूमि कार्यालय - 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
मो. 9315429403, 9253681005, 9253681019-20

## खबर संक्षेप

### आठ ग्राम हेरोइन सहित तीन युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने उधम सिंह चौक ऐलनाबाद क्षेत्र से तीन युवकों को 8 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया। आरोपितों की पहचान सतनाम सिंह निवासी ऐलनाबाद, संदीप कुमार निवासी पक्कां कलां अमृतसर पंजाब व आकाशदीप निवासी दलेक जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई है।

### 14600 की जुआराशि सहित 9 लोग दबोचे

**सिरसा।** सदर थाना सिरसा पुलिस ने गांव मंगाला क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे 9 लोगों को 14600 रुपए की जुआराशि व ताश सहित काबू किया है। आरोपितों की पहचान सुखदेव सिंह, प्रवीण सिंह , पाला सिंह , संतोख सिंह , हरि कृष्ण , सतनाम चंद निवासी मंगाला, सुभाष चंद निवासी गांव मोडिया खेड़ा, पाल सिंह निवासी गांव टीटू खेड़ा व राजू निवासी मल्लेकां के रुप में हुई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहाबाद।** जिले के भूना क्षेत्र के गांव नहला के पास कार और मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गोरखपुर निवासी सुलतान सिंह ने कहा है कि उसका भाई वजीर सिंह रविवार को अपने लड़के संदीप की ससुराल बिछपड़ीर में रिश्तेदारों से मिलने के लिए गया था। रविवार देर शाम को लौटे समय वजीर सिंह नहला के ऑक्सफोर्ड स्कूल के पास पहुंचा तो इसी दौरान कार का चालक ने वजीर सिंह के मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी



### डॉ. केवी सिंह को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**सिरसा।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के ओएसडी रहे डॉ. केवी सिंह के जन्मदिन पर सोमवार को युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने केक काटकर हर्षोल्लास से मनाया। विश्रामगृह में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में कार्यकर्ताओ ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। बाद में सभी ने केक काटकर डॉ. केवी सिंह को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में जिले में कांग्रेस दिन प्रतिदिन पहले से कहीं अधिक मजबूत होती जा रही है।



### जेके अग्रवाल प्रदेश प्रधान महासचिव नियुक्त

**रतिया।** इंडियन नेशनल लोकदल व्यापार सेल के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल ने रतिया इनेलो के वरिष्ठ नेता जेके अग्रवाल को व्यापार सेल का प्रदेश प्रधान महासचिव व राजकुमार मित्तल को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति के लिए दोनों नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला, प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल व अन्य नेताओं का आभार प्रकट किया है।

### क्रिसमस खुश रहने का देता है सन्देश : सुनीता



**फतेहाबाद।** मनोहर मैमोरियल शिक्षण महाविद्यालय में क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर बीएड के विद्यार्थियों ने क्रिसमस ट्री को बेहद शानदार ढंग से सजाया और सभी विद्यार्थियों ने मिलकर एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। क्रिसमस को मनाने के बारे में जानकारी देते हुए आध्यात्मिक प्रकोष्ठ की इंचार्ज सुनीता तलवाड़ ने बताया कि प्रभु ईसा के जन्मदिन के अवसर पर यह उत्सव मनाया जाता है। इस उत्सव की मान्यता यह है कि मानव जाति की रक्षा के लिए इस दिन प्रभु ईसा को धरती पर भेजा गया है।

### पंचायत मंत्री बबली ने आंगनबाड़ी वर्कर्स को वितरित किए मोबाइल

# अधिकारी और कर्मचारी हर रोज सुशासन दिवस के रूप में मनाएं

लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सुशासन दिवस के अवसर पर लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पंचकूला में आयोजित मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम में पंचातय मंत्री ने नागरिकों को पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी व क्रिसमस दिवस की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि हर रोज सुशासन दिवस के रूप में ही मनाए और मानव सेवा के लिए कार्य करे। लोगों को कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ मिलने में देरी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन सुदृढ़ व्यवस्था बनाए ताकि नागरिकों को सुशासन मिले। अधिकारी-कर्मचारी अपने कर्त्तव्यों का पालन ईमानदारी व निष्ठा से निभाते हुए जनहित के लिए कार्य करे। नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसलिए निःस्वार्थ भाव से जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जीवन शैली से हम सभी नागरिकों को प्रेरणा लेनी चाहिए तथा समाज व राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी अह्म भूमिका निभाए। सुशासन दिवस के अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने उपायुक्त कार्यालय की शिकायत शाखा, शिक्षा विभाग तथा पीओ जगदीश दलाल को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।



**फतेहाबाद।** सुशासन दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में आंगनबाड़ी वर्कर को मोबाइल फोन वितरित करते पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

#### 17 को मिले फोन

इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने महिला एवं बाल विकास के सौजन्य से मौके पर 17 आंगनबाड़ी वर्कर्स को मोबाइल फोन वितरित किए। उन्होंने कहा कि जिला में सभी आंगनबाड़ी वर्कर्स व सुपरवाइजर को ये मोबाइल फोन वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर उपायुक्त अजय सिंह तोमर, जिप सीईओ अजय चोपड़ा, डीएसी संजय बिश्नोई, एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम सुरेश कुमार, डीईओ दयानंद सिहाग, डीएफओ राजेश कुमार, डीएफएससी विनीत जैन, सीएमओ डॉ. सपना गहलावत, डीआईओ रमेश शर्मा, आयुष अधिकारी डॉ. धर्मपाल पूनिया, मेजर डॉ. शरद तुली सहित विभिन्न

## देश को सशक्त बनाने में अटल जी ने निभाई अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिवस आज आजाद नगर में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में नगर परिषद फतेहाबाद के चेयरमैन राजेन्द्र खिची ने शिरकत की। इस अवसर पर राजेन्द्र खिची व उपस्थित गणमान्य लोगों ने स्व. अटल जी को भावभीनी श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर वाजपेयी जी के जीवनकाल को याद करते हुए नप चेयरमैन राजेन्द्र खिची ने कहा कि अटल जी ने अपने पूरा जीवन राष्ट्र सेवा में समर्पित किया था। देश के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने भारत को सशक्त देश बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी विचारधारा का अनुसरण करते हुए हम सभी को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर चेयरमैन राजेन्द्र खिची ने आजाद नगर के लोगों की समस्याएं भी सुनीं तथा जल्द ही सभी समस्याओं का निवारण करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पार्षद सुरेन्द्र डींगवाल, हेत राम, हितेश गहलोत, अजय सरपंच, रामकिशन, अनिल पुरी आदि मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित करते नप चेयरमैन राजेन्द्र खिची।

## सुशासन दिवस पर नेताओं ने मरीजों को फल बांटे



**फतेहाबाद।** सुशासन दिवस पर नागरिक अस्पताल में मरीजों को फल वितरित करते भाजपा नेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती धूमधाम से मनाई

पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती फतेहाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सुशासन दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। बूथ नं. 14 व 15 पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अजय बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक मुलखराज चावला ने की वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीन जोड़ा, रणवीर सिंह चौधरी, मंडल प्रधान शम्मी ढिंगड़ा, विकास शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इसके बाद वरिष्ठ भाजपा नेता रणवीर सिंह चौधरी, मुलखराज चावला व मंडल प्रधान शम्मी ढींगड़ा ने सरकारी अस्पताल में जाकर मरीजों को फल वितरित किए और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। भाजपा नेताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में ऐसे कई फैसले लिए, जिसका लाभ आज भी देश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी राजनीति के अजातशत्रु थे, वे कुशल प्रशासक और नेता थे। उन्होंने दुनिया के विरोध के बावजूद भारत को परमाणु महाशक्ति बनाया। ग्रामीण सड़क जैसी योजनाओं से ग्रामीणों की जिंदगी बदली। ऐसे महान नेता द्वारा दिए गए कदमों पर चलते हुए केन्द्र और प्रदेश में भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास की नीति पर काम कर रही है।

## पार्षदों ने किया भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को नमन



**फतेहाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की 99वीं जयंती पर नगर पार्षद रमेश गिल्होत्रा के निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं व नगर पार्षदों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्षद रमेश गिल्होत्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता हंसराज सचदेवा, कंवल चौधरी, रामचन्द्र रेल्हन, पार्षद चन्द्रभान, पार्षद पंछी ठेकेदार, पार्षद राजू तूड़ेवाला, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र आहूजा, पार्षद सुभाष नायक, पार्षद मनोज भ्याना, हंसराज नारंग, पार्षद निलांशी शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि सुनील शर्मा, इन्द्र बत्रा, बनवारी लाल गहलोत, राजेश चौधरी, योगेश, नीलम आहूजा, मीनू मदान, नरेश मदान, चुन्नीलाल मदान, देसराज मेहता, डॉ. नेहा, पार्षद नीलम आहूजा, वीना गिल्होत्रा, ममता गिल्होत्रा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व उपप्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी गई और पार्षद रमेश गिल्होत्रा ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी एक ऐसी महान शख्सियत थे, जिन्हें केवल भाजपा के ही नहीं, विपक्ष में रहने वाले नेता भी पसंद करते थे।

## स्व. वाजपेयी के जन्मदिवस को मनाया सुशासन दिवस के रूप में



**सिरसा।** भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस सुशासन दिवस के रूप में मनाया। पार्टी के जिला कार्यक्रम में हुए आयोजन में सबसे पहले स्व. अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम के जिला संयोजक पदम जैन ने उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं को अटल बिहारी के जीवन पर आधारित अनेक संस्मरण सुनाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रहते हुए अटल बिहारी वाजपेयी ने अनेक सराहनीय कार्य किए जिससे उन्हें देश का सवार्ेच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। भाजपा के प्रदेश सचिव सुरेंद्र आर्य ने कहा कि अटल जी ने सबसे पहले 16 मई 1996 को देश के दसवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। वे ऐसे दिग्गज नेता था जिन्होंने विरोधी दलों के बीच भी एक खास मुकाम हासिल किया। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी भाषा में भाषण देने वाले प्रथम नेता थे। उन्होंने कहा कि दुनिया को परमाणु शक्ति का एहसास दिलाने वाले भारत के प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ही थे।

## सुशासन दिवस पर लघु सचिवालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन



**सिरसा।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी व महान स्वतंत्रता सेनानी महामना पंडित श्री मदन मोहन मालवीय के जन्मदिन पर स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्त्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्त्रम में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने 15 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन वितरित किए। गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला की 1445 आंगनबाड़ी वर्कर, सुपरवाइजर व सीडीपीओ को विभिन्न कार्य करने के लिए ये स्मार्टफोन मुहैया करवाए गए हैं। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सुशासन दिवस की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी कर्तव्यनिष्ठा व जिम्मेवारी के साथ काम करते हुए सुशासन के उद्देश्य को पूरा कर रही है। प्रदेश सरकार अंत्योदय के भाव से अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए काम कर रही है।

## छुरा दिखाकर दुकानदार से लूट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- बाइक पर आए तीन बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम
- सूचना मिलने पर डायल 112 टीम मौके पर पहुंची

जिले के शहर टोहाना में गुण्डागर्दी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। रविवार देर रात भी टोहाना में रेलवे रोड पर कंवर सेन गुप्ता चौक पर मोटरसाइकिल पर आए तीन बदमाशों द्वारा तेजधार हथियार दिखाकर एक दुकानदार से हजारों की नगदी लूटने का मामला सामने आया है। इस बारे दुकानदार की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इस मामले में टोहाना पुलिस ने दुकान मालिक विजय कुमार निवासी प्रेम नगर टोहाना की शिकायत पर अज्ञात लूटेरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

इस बारे पुलिस को दी शिकायत में विजय कुमार ने बताया कि उसकी कंवर सैन चौक पर देव किरयाणा स्टोर के नाम से दुकान है। रविवार रात को करीब साढ़े 8 बजे वह दुकान पर बैठा था। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार होकर आए। दो ने अपने मुंह पर कपड़ा बांध रख था। युवकों ने दुकान में आते ही सिगरेट मांगी। जब उसने सिगरेट की डिब्बी देकर पैसे मांगे तो उन्होंने तेल मांगा। उसे बदमाश होने का शक होने पर जब वह दुकान से बाहर की तरफ जाने लगा तो एक युवक ने छुरा निकाल लिया और कहा कि अगर वह बाहर गया तो उसे जान से मार देंगे। इसके बाद एक युवक ने उसकी जेब से पैसे निकाले जबकि दूसरे युवक ने गल्ले में रखी 35-40 हजार की नगदी निकाल ली। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया।



**टोहाना।** दुकानदार से जानकारी लेते पुलिस कर्मचारी।

## हथियारों के बल पर वाहन चालकों को लूटने की कोशिश करते तीन युवक काबू, एक फरार

**फतेहाबाद।** रतिया शहर के पास हथियारों के बल पर वाहन चालकों को लूटने की कोशिश करते तीन युवकों को सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस ने काबू करने में सफलत हासिल की है जबकि एक युवक अंधेरे का फायदा उठाकर पिस्तौल सहित फरार हो गया। पुलिस ने पकड़े गए युवकों के पास से दो पिस्तौल व 3 जिंदा कारतूस बरामद किए है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई बसंत सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान रतिया के बस स्टैण्ड पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कमाना मोड, रतिया से कमाना की तरफ कुछ युवक हाथों में हथियार लिए खड़े हैं और हथियारों के बल पर सड़क पर आने-जाने वाले लोगों को लूटने की कोशिश कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम ने बदमाशों को पकड़ने के लिए योजना बनाई। पुलिस टीम ने अपनी गाड़ी से लाल बत्ती उतारी और पुलिस वर्दी को भी सादे कपड़ों से ढककर मौके पर पहुंची। पुलिस टीम जब कमाना रोड पर पहुंची तो सड़क के दोनों तरफ दो-दो युवक हाथों में हथियार लिए खड़े नजर आए। एक युवक के पास टॉर्च जबकि तीन युवकों के पास पिस्तौल थी। युवकों ने पुलिस गाड़ी को रूकने का इशारा किया तो चालक ने गाड़ी रोक ली। इस पर चारों युवकों ने पुलिस की गाड़ी को घेर लिया और पिस्तौल तानकर कहा कि उनके पास जो कुछ भी है, दे दो नहीं तो वे गोली मार देंगे। गाड़ी में बैठे पुलिस कर्मचारियों ने जब अंदर की लाइट जलाई और सादे कपड़ों को हटाया तो पुलिस कर्मचारियों को देखकर युवक घबरा और वहां से भागने लगे। पुलिस कर्मचारियों कुछ ही दूरी पर तीन युवकों को दबोच लिया।

## क्रेसेंट स्कूल में मनाया गया तुलसी पूजन व क्रिसमस डे



**फतेहाबाद।** क्रेसेंट स्कूल में क्रिसमस डे पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसेंट पब्लिक स्कूल में बच्चों में सर्वधर्म एकता व भावना को दिखाते हुए क्रिसमस दिवस और तुलसी पूजन दिवस एक साथ मनाया गया। स्कूल में दोनो सभ्यताओं का अनूठा संगम देखने को मिला। इस आयोजन में हसित और एंजल के मंच संचालन में गीतिका और यशिका ने अपने सुविचार से धार्मिक एकता के बारे में बताया। महक ने ईसा मसीह के परोपकार के सिद्धांत को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया।

पियांशी ने तुलसी माता का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व बताते हुए कहा कि तुलसी का पौधा धार्मिक महत्व के साथ-साथ वास्तु और शारीरिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखता है। सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने एक प्रेरणास्पद एक्ट के माध्यम से विभिन्न मानसिक विकार-दुख, नजरत, डर, लालच, घमंड, क्रोध आदि को त्यागने का संदेश देते हुए ईसा मसीह के संदेशानुसार इन्हें क्रमशः सुख, प्रेम, दान, विनम्रता, धैर्य में परिवर्तित करते हुए दर्शाया। ख्वाइश ने सकारात्मक विचार 'मैं बहादुर और शक्तिशाली हूँ, मुझमें बहुत योग्यताएं और हुनर हैं' को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। रशिका और अनुष्का ने अपनी कविताओं 'टन टन घंटी बजाता तथा क्रिसमस इस आह्वान हॉलीडे' का सुस्वर वाचन करते हुए क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। कंगना ने सेंटा क्लाज का रोल निभाते हुए सबका ध्यान आकर्षित करते हुए बच्चों मे टॉफियां वितरित की।

### कार्यक्रम में कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्रों ने लिया भाग

# लीजेंड और सेंट जेवियर्स में किया तुलसी पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

लीजेंड कॉन्वेंट स्कूल फतेहाबाद में सोमवार को तुलसी पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के साथ-साथ स्कूल स्टाफ सदस्यों ने भी भाग लिया और तुलसी पूजन किया। तुलसी पूजन को लेकर विद्यार्थियों में भी काफी उत्साह नजर आया। स्कूल के प्रिंसीपल विरेन्द्र नागपाल ने विद्यार्थियों को तुलसी पूजन व तुलसी का हमारे जीवन में क्या महत्व है, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के वाईस प्रिंसिपल महेंद्र मदान ने सभी को तुलसी पूजन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खुश और आनंदमय जीवन जीने के लिए हर घर तुलसी का पौधा अवश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि तुलसी पूजन का बड़ा की धार्मिक महत्व है। तुलसी में देवी लक्ष्मी का वास होता है और उनकी पूजा से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। तुलसी पूजन के दिन घर में नया तुलसी का पौधा लगाने की प्रथा है। इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। इसके अलावा सेंट जेवियर्स स्कूल फतेहाबाद में भी तुलसी दिवस मनाया गया। निर्देशक सज्जन कुमार गर्ग, प्रधानाचार्या नेहा भाटिया, विद्यार्थियों और अध्यापकों के साथ तुलसी पूजन किया गया और मां तुलसी की आरती भी की गई। सभी बहुत आनंदित व उत्साहित नजर आए।




**फतेहाबाद।** लीजेंड स्कूल में तुलसी पूजन करते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005